## एक नजर में

### आज नवरात्रि पर होगा 33वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**गरोठ।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 33वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन आज, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 को शहीद चौक, पुराना बस स्टैंड गरोठ पर रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है। पोरवाल नवयुवक मण्डल एवं गरोठ युवा मंच के संयोजक जगदीश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कवि सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर गरोठ ने वर्षों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष के आयोजन में देशभर के ख्यातिनाम कविगण अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध मंच संचालक एवं ओजस्वी कवि शशिकांत यादव (देवास), हास्य सम्राट जॉनी बैरागी (धार), राष्ट्रीय देशभक्ति कवि अमित शर्मा (नई दिल्ली), हास्य कवि दिनेश देसी घी (शाजापुर), श्रृंगार रस कवियत्री सुमित्रा सरल (रतलाम), युवा वीररस कवि मोहित शौर्य (गाजियाबाद, उ.प्र.) तथा मंदसौर का नाम देशभर में रोशन करने वाले हास्य कवि मुन्ना बैट्री अपनी शानदार रचनाओं से समा बांधेंगे। कवि सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री एवं सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, समाजसेवी संतोष चौपड़ा, प्रेस क्लब मंदसौर के संरक्षक नरेन्द्र अग्रवाल, नगर परिषद गरोठ अध्यक्ष राजेश सेठिया, पोरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी, डॉ. संजय पंजाबी, राजेन्द्र कुमार भलवारा, अजय कुमार मालवीय व निमिष मालवीय सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। संयोजक अग्रवाल ने गरोठ नगर एवं आसपास क्षेत्र के काव्यप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर देश के बड़े कवियों की कविताओं का आनंद लें और आयोजन को सफल बनाएं।

### शरद पूर्णिमा पर निनोरा धाम में श्वास रोग की दवा का वितरण आज

**पिपलियामण्डी।** श्री बालाजी महाराज एवं 1008 खांखरा वाले देवता इन्द्रा मार्केट, भीलवाड़ा की अनुकम्पा से शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुपीठ निनोरा धाम पर श्वास रोग की विशेष दवा खीर के साथ प्रसाद स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 की रात 12 बजे आयोजित किया गया है। श्रद्धालुजन इस औषधीय खीर का लाभ लेने के लिए नियमानुसार सायं 6 बजे के बाद कुछ नहीं खाएं एवं रात्रि 8 बजे से पूर्व निनोरा धाम पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाएं। रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। कार्यक्रम की जानकारी गुरुदत्त मेहता ने देते हुए बताया सीमित मात्रा में दवा तैयार की गई है, इसलिए श्रद्धालु समय से आये।

### श्री ताखा बावजी मेले में हुआ शानदार कवि सम्मेलन



**नारायणगढ़।** प्रतिवर्षानुसार नगर परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्री ताखा बावजी देवनारायण मेला का सात दिवसीय भव्य आयोजन जारी है। इसी क्रम में मेले के चौथे दिन, दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को एक शानदार कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभर के ख्यातनाम कवियों ने अपनी मनमोहक रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। सम्मेलन में गीतकार बाबू बंजारा, राष्ट्रीय कवि लक्ष्मण नेपाली (काठमांडू), हास्य कवि डॉ. मुकुंद सागर (निंबाहेड़ा), कोमल नायक (रायबरेली), कवि नरेंद्र नक्षत्र (उज्जैन), रामू हटेला मालवी हास्य (रतलाम), कवि तेजपाल सिंह सिसोदिया (इंदौर) तथा मनोहर मोनू हास्य सहित कई कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन कवि विनोद निंबोद ने किया तथा सूत्रधार की भूमिका कवि धनपाल धमाका (प्रतापगढ़) ने निभाई। कवियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से पूरा पंडाल देर रात्रि तक ठहाकों और तालियों से गूंजता रहा। मेले में सैकड़ों श्रोताओं ने उपस्थित होकर कवि सम्मेलन का आनंद लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### मंदसौर जिले में महिला से दुष्कर्म की वारदात

**मंदसौर।** थाना सीतामऊ क्षेत्र में रविवार को एक महिला के साथ दुष्कर्म और मारपीट की गंभीर वारदात ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। घायल अवस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी अर्जुन पिता भंवर बागड़ी, निवासी रहीमगढ़ ने सुनसान स्थान पर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट भी की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों को घटना की सूचना मिलते ही महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सीतामऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और फरार आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटना स्थल और अस्पताल पहुंचे तथा मामले की गहन जांच के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता को न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

### नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** अहीर नारायणी सेना, नीमच द्वारा नगर में चक्रधारी श्रीकृष्ण अहीर यदुवंशी चौराहा के निर्माण की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया। यह चौराहा समाज की आस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक पहचान को प्रतिष्ठित करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। सेना के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की कि नीमच नगर के प्रमुख स्थान मंडी गेट के सामने, स्टेशन रोड पर इस चौराहे का निर्माण किया जाए। प्रतिनिधियों ने बताया कि यह स्थान नगर के मुख्य मार्गों में से एक है और यहां चौराहा निर्माण से अहीर समाज को सामाजिक प्रतिनिधित्व मिलने के साथ-साथ नगर की सांस्कृतिक विविधता को भी बल मिलेगा।

### बुजुर्ग ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**नीमच।** नीमच शहर के कैंट थाना क्षेत्र के भरभड़िया गांव में रविवार देर शाम एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। रूपलाल पिता नानूराम (55 वर्ष), जाति बागरी ने अपने घर पर कुछ नशीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद रूपलाल की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह, जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को 12 अक्टूबर को पोलियो की दवा पिलाएं

**▶ साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न**

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भावांतर भुगतान योजना, पल्स पोलियो अभियान, सीएम हेल्पलाइन, खाद की उपलब्धता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा की गई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। पंजीयन केंद्र हमेशा सक्रिय रहें और पोर्टल में तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। मंडी स्तर पर समिति बनाकर उनकी बैठकें नियमित रूप से आयोजित करें। मंडियों में हेल्प डेस्क स्थापित करें तथा योजना संबंधी चेक लिस्ट चस्पा करें। साथ ही, मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएँ।

पल्स पोलियो अभियान के संबंध में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि अभियान



का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिले के 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 12 अक्टूबर 2025 को अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर ले जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाए। यदि कोई बच्चा 12 अक्टूबर को दवा नहीं पी पाता है, तो 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा दी जाए। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित की जाए और ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो के खतरे से बचाने हेतु अभियान में सक्रिय भागीदारी प्रदान करें।

## भारतीय डाक विभाग की अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता

**▶ अंतिम तिथि 14 दिसम्बर तक**

**मंदसौर। डाकघर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2025-26 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 8 दिसम्?बर 2025 तक किया जा रहा है । प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है, जिसमे अठारह वर्ष तक तथा अठारह वर्ष के अधिक की दो श्रेणियां रखी गई है।**

इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र (अधिकतम 500 शब्दों में ) एवं लिफाफा (अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उपश्रेणियां रखी गई है। हस्त लिखित पत्र हिंदी / अंग्रेजी में अधीक्षक डाकघर, मंदसौर संभाग, मंदसौर-458001 के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा हाथों-हाथ भेजा जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के सम्बन्ध में स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा कि 1 सितम्?बर 2025 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम/अधिक है। मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उपश्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश= रू. 25000/-, रु. 10000/- एवं रु. 5000/- से पुरुस्कृत किया जायेगा एवं चयनित पत्रों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा। महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रत्येक उपश्रेणी में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश = रू 50,000/-, रु 25000/- एवं रु 10000/-से सम्मानित किया जायेगा।

पत्र पोस्ट करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर 2025 रखी गयी है। इसके बाद पोस्ट किये गये पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। परिमंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 23 जनवरी 2025 तक घोषित किया जावेगा। परिमंडल प्रमुख विनीत माथुर ,मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल ने मध्यप्रदेश के सभी नागरिको से अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान से जुड़ने की अपील की है।

## भानपुरा पुलिस ने 3 .92 टन अवैध मछली जब्त कर तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**मंदसौर। भानपुरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 3,920 किलो अवैध मछली और परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील एवं स्ठ्ठह्रक्क गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भानपुरा आर.सी. दांगी और चौकी प्रभारी भैसोदामंडी बलवीरसिंह यादव की टीम ने कार्रवाई की।**



जानकारी के अनुसार, दिनांक 5 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि टाटा कंपनी के ट्रक क्रमांक जीजे-32 टी-8175 में चंबल नदी से अवैध मछली लेकर तीन आरोपी गुजरात की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक चेक किया और 3,920 किलो मछली (क़ीमत लगभग 3,00,000) और ट्रक (क़ीमत 2,00,000) जब्त किया।

**गिरफ्तार आरोपी हैं-** 1. अल्ताफ पिता उमरशेख, उम्र 57 वर्ष, ग्राम वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात।

2. जुबेर पिता जावेद, उम्र 40 वर्ष, ग्राम वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात।

3. राकेश पिता किशनलाल, उम्र 50 वर्ष, इंदौर (म.प्र.)।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस, मत्स्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस मछली के स्रोत और संभावित खपतकर्ताओं की भी पूछताछ कर रही है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक आर.सी. दांगी, चौकी प्रभारी बलवीरसिंह यादव, सउनि ओकारसिंह ठाकुर समेत अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बर्बाद फसलों के उचित मुआवजे को लेकर किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**मंदसौर।** जिले में हाल ही में हुई अतिवृष्टि से सोयाबीन व मूंगफली फसलों को भारी नुकसान के बाद अपर्याप्त मुआवजे के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसान कांग्रेस और पिछड़ा वर्ग विभाग ने गांधी चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली। हजारों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर पहुंचे, लेकिन प्रशासन ने सीमाओं पर बैरिकेड लगाकर कई ट्रैक्टरों को रोक दिया। श्री गुर्जर ने इसे अन्नदाताओं की आवाज दबाने की साजिश बताया। उन्होंने मांग की कि किसानों को वास्तविक लागत के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाए तथा सोयाबीन ?6,000 व मूंगफली ?7,000 प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। भावांतर योजना स्थगित कर सीधी स्रूस्क्क खरीद शुरू करने की भी मांग की गई। रैली में प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, विधायक विपिन जैन सहित अनेक नेताओं ने सरकार पर किसान-विरोधी नीतियों का आरोप लगाया। रैली के समापन पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें तत्काल राहत, स्रूस्क्क पर खरीदी और रबी बुआई सहायता की मांग की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक, जनपद अध्यक्ष, कांग्रेस पदाधिकारी, बड़ी संख्या में किसान एवं महिला नेत्रियाँ शामिल रहीं।

## छत्तीसगढ़ सरकार के रजिस्ट्रार जनरल पंकज जैन ने छात्राओं से किया संवाद — वाटर कूलर हेतु 11,000 की राशि भेंट



**भानपुरा। ग्राम संधारा में छत्तीसगढ़ सरकार के रजिस्ट्रार जनरल पंकज जैन अपने परिवार सहित दो दिवसीय निजी प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समाजसेवी आनंद जैन ठोरा के साथ भानपुरा के अतिशय क्षेत्र केथूली मंदिर तथा झालावाड़ (राजस्थान) स्थित चांदखेड़ी मंदिर के दर्शन कर देश में सुख-शांति एवं अमन-चैन की कामना की।**

अपने प्रवास के दौरान श्री जैन ने संधारा स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं शासकीय विद्यालय के छात्र रहे हैं और जीवन में किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि ऐसे निर्णय कभी-कभी नुकसानदायक हो सकते हैं। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश सेवा की दिशा में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने का प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से संस्था प्रधान काशीराम गुजरिया एवं स्टाफ ने श्री जैन का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जैन ने विद्यालय को छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु वाटर कूलर के लिए ?11,000 की राशि भेंट की। विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## बेरोजगार सेना का संघर्ष जारी, भू-माफियाओं के खिलाफ दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर डटे कार्यकर्ता

**मंदसौर। भूमाफियाओं और धोखाधड़ी के मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर बेरोजगार सेना मध्य प्रदेश का न्याय संघर्ष दूसरे दिन भी जारी रहा।**

प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एवं महिलाएं महाराणा प्रताप चौराहे पर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। अब तक प्रशासन की ओर से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचा है, जिससे प्रदर्शनकारियों में रोष व्याप्त है।

महिलाएं भी बड़ी संख्या में इस आंदोलन में शामिल होकर न्याय की मांग को बुलंद कर रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा ने कहा कि:- हम न्याय मिलने तक पीछे नहीं हटेंगे। भूमाफियाओं और भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ यह लड़ाई जन-आंदोलन का रूप लेगी। अगर




प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। लंबे समय से भूमि धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ितों को न्याय न मिलने से लोगों में गहरी नाराज़गी है। बेरोजगार सेना का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता, आम नागरिकों में अविश्वास पैदा कर रही है। प्रदर्शन स्थल पर लगातार बढ़ रही भीड़ और जनसमर्थन इस बात का संकेत है कि मंदसौर में न्याय की मांग अब एक बड़ा जन-आंदोलन बनता जा रहा है।

**एक नजर** ▶ श्रोताओं ने 25 से अधिक पुराने गीतों की दी मधुर प्रस्तुति मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

# सफर सुरों का -हार्मनी की संगीत संध्या में देर रात तक खूब आंनद लिया

**नीमच।** विगत 35 वर्षों से नीमच के सभी श्रोताओं के दिल को छू लेने वाले 25 से 27 गीतों का गुलदस्ता प्रस्तुत करने वाली संस्था हार्मनी का गीत संगीत का कार्यक्रम इस वर्ष रविवार 5 अक्टूबर को गांधी वाटिका के समीप अटल बिहारी वाजपेई सभागार टाउन हॉल में रात्रि 8बजे आयोजित किया , ।

1991 में स्थापित संगीत एवं कला को समर्पित संस्था हार्मनी परिवार के वरिष्ठ सदस्य जम्बु कुमार जैन, रवि शर्मा व प्रशांत मित्तल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि सफर सुरों का संगीत निशा में विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, आईडीबीआई बैंक नीमच के शाखा प्रबंधक रोहित सिंह ठाकुर, ज्ञानोदय विश्वविद्यालय के अनिल



चौरसिया, उद्योगपति समाजसेवी डी. एस. चौरडिया , रेणु संतोष चोपड़ा, योगिता आशीष अग्रवाल, अंशु अक्षय गोयल, रमा सौरभ जिंदल, मीना संजय मंगल, डॉ रंजना दीपक सिंहल, मधु , डॉ. शारदा आर आर विश्नोई, आशा भारत जारोली, उर्मिला बाबूलाल गौड़ ,सुनीता दीपक श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, , शशि राजेश जैन, तनीषा दीपांशु गर्ग, प्रीति कमल एरन एवं अली भाई रामपुरा वाला, अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस वर्ष गीत संगीत के इस निशा में संगीतकार आरडी बर्मन और एसडी बर्मन का संगीत विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रत्येक गीत के गीतकार संगीतकार और गायक कलाकार और फिल्म का नाम और उससे जुड़ी ऐतिहासिक घटना का सीधा प्रसारण मेघा स्क्रीन पर भी प्रदर्शन श्रोताओं को दिखाया व सुनाया गया। मुंबई और इंदौर के प्रशिक्षित प्रख्यात 25 से 30 आर्केस्ट्रा कलाकारों की टीम भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। इस अवसर पर नीमच , चितोडगढ मंदसौर सहित मेवाड़ मालवांचल के बड़ी संख्या में संगीत श्रोता प्रेमी नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश भटनागर एवं गुरुबचन नरवले ने किया तथा आभार जम्मू कुमार जैन ने व्यक्त किया।

### इन्होंने दी गीतों की प्रस्तुति

हार्मनी कार्यक्रम में सुरेश कान्हा गुलशन ने सरस्वती वंदना, डॉ अमृता सोनी ने पिया तोसे नैना लागे रे, संगीता नागदे ने प्यार हुआ चुपके से, निष्ठा कंडारा ने आज जब तक जा, मुस्तफा ने कोई परदेसी आया, जम्मू कुमार निष्ठा ने आज तो जुनली ,आशी अरोरा ने प्यार करने वाले, डॉक्टर पंकज सोनी ने जीवन के दिन छोटे, राजश्री जायसवाल ने तुझसे नाराज नहीं, शिवा मित्तल ने कांटों से खींच के ,शिफा ने दम मारो दम., सूरज नैनवाया अमृता ने कोरा कागज था, रवि शिफा ने ओ हसीना जुल्फों, भूपेंद्र ने बचना है हसीनों, शिवा मित्तल ने तेरा मुझे है पहले ,राधिका काबरा ने आजकल पांव जमीं पर, एवं चंद्रशेखर योगी ने मुसाफिर हूं यारों आदि ने मधुर कर्णप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी।